# 6 लेने देने का खेल

0326CH06

## क्रिकेट मैच

एक क्रिकेट मैच में श्रीलंका ने 235 रन बनाए।

अभी तक भारत ने 123 रन बनाए हैं। भारत को जीतने के लिए और कितने रन चाहिए?

भारत को जीतने के लिए 236 रन बनाने हैं।

जीतने के लिए और कितने रन ज़रूरी हैं?

236 – 123 = ?

अंदाज़ा लगाओ...
भारत को जीतने के लिए चाहिए
(क) 100 रन से ज़्यादा
(ख) 100 रन से कम






चलो घटाते हैं
पहले 1 में से दूसरा 1 लेते हुए



| | 100 | 10 | 1 |
|---|---|---|---|
| जीत के रन | 2 | 3 | 6 |
| भारत के रन – | 1 | 2 | 3 |
| ज़रूरी रन | 1 | 1 | 3 |

100 10 ~~10~~ 1 1 1 ~~1~~ ~~1~~
~~100~~ ~~10~~ ~~1~~

अब हमारे पास बचे
100 10 1 1 1

भारत को जीत के लिए चाहिए 113 रन

© NCERT not to be republished



2021–22

**अपने आप करके देखो**

गीता के बटुए में 368 रुपए हैं।

उसने 123 रुपए की एक किताब खरीदी।

उसके बटुए में अब कितना पैसा बचा?

उसके बटुए में बचे हुए पैसे 368 रुपए – 123 रुपए = ?







| | | 100 | 10 | 1 |
|---|---|---|---|---|
| गीता के बटुए में पैसे | | 3 | 6 | 8 |
| किताब की कीमत | – | 1 | 2 | 3 |
| | | | | |

100 100 100   10 10 10 10 10 10   1 1 1 1 1 1 1 1

शिक्षक छात्रों से इस पर चर्चा करें कि ऊपर किस संख्या को लिखा जाएगा और क्यों।

© NCERT not to be republished

## क्या तुम नबीला की मदद कर सकते हो?

नबीला की माँ ने उसे बाज़ार से कुछ सामान खरीद कर लाने को कहा। उसने इसके लिए 245 रुपए दिए। नबीला ने 127 रुपए में 1 किलो घी खरीदा। दुकानदार ने उसे 98 रुपए वापस लौटाए।

(किलोग्राम को किलो भी कहते और लिखते हैं।)

दुकानदार ने उसे जो पैसे लौटाए क्या वे ठीक थे?




चलो पता लगाएँ।

| | 100 | 10 | 1 | |
|---|---|---|---|---|
| नबीला के पास कुल पैसे | 2 | 4 | 5 | 100 100 / 10 10 10 10 / 1 1 1 1 1 |
| घी की कीमत – | 1 | 2 | 7 | |
| | | | | |


हम पाँच 1 में से सात 1 नहीं निकाल सकते इसलिए 10 उधार लिया


10 है 1 1 1 1 1 1 1 1 1 1


अब पंद्रह 1 हो गए


| | 100 | 10 | 1 | |
|---|---|---|---|---|
| | 2 | ~~4~~ 3 | ~~5~~ 15 | 100 100 / 10 ~~10~~ 10 10 → 1 1 1 1 1 / 1 1 1 1 1 / 1 1 1 1 1 |
| - | 1 | 2 | 7 | |
| | | | | |

© NCERT not to be republished




दुकानदार को नबीला को 118 रुपए वापस देने चाहिए थे।

बताओ दुकानदार को अब और कितने रुपए नबीला को देने हैं?

© NCERT not to be republished


## अभ्यास का समय

1. नन्हा कछुए का बच्चा 33 साल का है। उसकी माँ 150 साल की है। माँ से नन्हा कछुआ कितने साल छोटा है?

   कछुए की माँ की उम्र ___150___ साल है।

   नन्हे कछुए की उम्र ___33___ साल है।

| | 100 | 10 | 1 |
|---|---|---|---|
| | 1 | 4 ~~5~~ | 1 0 |
| – | | 3 | 3 |
| | 1 | 1 | 7 |



नन्हा कछुआ माँ कछुए से 117 साल छोटा है।

2. अरविंद ने कहानी की एक किताब के 69 पन्ने पढ़े। गौरी ने उसी कहानी की किताब के 95 पन्ने पढ़े। किसने ज़्यादा पन्ने पढ़े और कितने ज़्यादा?




| | 10 | 1 |
|---|---|---|
| | 9 | 5 |
| – | 6 | 9 |
| | | |

शिक्षक छात्रों को स्वयं सोचने के लिए कहें कि वे सवाल को हल करने के लिए क्या करेंगे – जोड़, घटा, गुणा या भाग। ऐसे खूब सारे अभ्यास कराए जाने चाहिए।





© NCERT not to be republished

3. रीना ने अपने घर में लगे बिजली के मीटर को पढ़ा। पिछले महीने मीटर में 118 यूनिट था। इस महीने 193 हो गया है। उसने एक महीने में कितनी बिजली का इस्तेमाल किया?

इस महीने मीटर में आई संख्या ____________

पिछले महीने मीटर में आई संख्या ____________




| | 100 | 10 | 1 |
|---|---|---|---|
| | 1 | 9 | 3 |
| – | 1 | 1 | 8 |
| | | | |

उसने ____________ यूनिट बिजली का इस्तेमाल किया।

4. खुशबू 125 रुपए की एक कमीज़ और 165 रुपए की एक पेंट लेकर आई। कुल मिलाकर उसने कितना पैसा खर्च किया?

____________ रुपए की कमीज़ खरीदी।

____________ रुपए की पेंट खरीदी।




| | 100 | 10 | 1 |
|---|---|---|---|
| | 1 | 6 | 5 |
| + | 1 | 2 | 5 |
| | | | |

उसने कुल मिलाकर ____________ रुपए खर्च किए।

5. नीचे दिए गए सवालों को हल करो:

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 17 | 14 | 39 | 12 | 86 |
| − 3 | + 3 | − 10 | + 24 | − 58 |
| | | | | |



| | | | |
|---|---|---|---|
| 139 | 237 | 325 | 474 |
| − 110 | + 213 | − 204 | − 136 |
| | | | |

| | | |
|---|---|---|
| 642 | 49 | 135 |
| − 413 | + 20 | + 146 |
| | | |



6. अपने उत्तरों की जाँच करो:

| | | | |
|---|---|---|---|
| **236** | 122 | **340** | 312 |
| − 114 | + 114 | − 28 | + 28 |
| 122 | **236** | 312 | **340** |

© NCERT not to be republished

रेशमा ने घटा के कुछ सवाल किए हैं। उसने सवाल सही किए हैं या नहीं इसकी जाँच के लिए तुम जोड़ का इस्तेमाल करो। हर सही उत्तर के लिए एक ✓ का निशान दो।

| | | | |
|---|---|---|---|
| | **3** | **8** | **4** |
| – | 2 | 4 | 3 |
| | 1 | 4 | 1 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | 1 | 4 | 1 |
| + | 2 | 4 | 3 |
| | **3** | **8** | **4** |

✓

| | | | |
|---|---|---|---|
| | 4 | 6 | 8 |
| – | 1 | 3 | 9 |
| | 2 | 2 | 1 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | |
| + | | | |
| | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | 3 | 5 | 6 |
| – | 2 | 4 | 7 |
| | 1 | 1 | 9 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | |
| + | | | |
| | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | 4 | 6 | 8 |
| – | 2 | 2 | 4 |
| | 2 | 4 | 4 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | |
| + | | | |
| | | | |


7. रंगीन खानों में छूटी हुई संख्या को भरो।

| | | |
|---|---|---|
| | 7 | 8 |
| – | 3 | |
| | | 5 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | 2 | 1 | |
| – | 1 | | 7 |
| | | 3 | 2 |

| | | |
|---|---|---|
| | | 6 |
| – | 3 | |
| | 6 | 0 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | 4 | 4 |
| – | 2 | 3 | 8 |
| | 2 | | |





शिक्षक बच्चों को प्रोत्साहित करें कि वे गलत उत्तरों पर चर्चा करें और उन्हें सही करें। बच्चों को दूसरों की गलतियाँ सुधारने में मज़ा आता है (ऐसा मौका कम ही मिलता है!) और वे इस प्रक्रिया में काफ़ी कुछ सीखते हैं।



© NCERT not to be republished

## चलो चिट्ठियाँ बाँटें


हमारे पोस्टमैन चाचा आज बीमार हैं। चलो उनके बदले हम चिट्ठियाँ बाँटते हैं।



| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 481 | 482 | 483 | 484 | 485 | 486 | 487 | 488 | 489 | 490 |
| 471 | 472 | 473 | 474 | 475 | 476 | 477 | 478 | 479 | 480 |
| 461 | 462 | 463 | 464 | 465 | 466 | 467 | 468 | 469 | 470 |
| 451 | 452 | 453 | 454 | 455 | 456 | 457 | 458 | 459 | 460 |
| 441 | 442 | 443 | 444 | 445 | 446 | 447 | 448 | 449 | 450 |
| 431 | 432 | 433 | 434 | 435 | 436 | 437 | 438 | 439 | 440 |

हर चिट्ठी पर सही कमरा संख्या लिखो। फिर इस मकान में कमरों का पता लगाओ और उन पर घेरा बनाओ।

कमरा संख्या 455 पर एक घेरा बनाओ




शिक्षक छात्रों को इसके लिए प्रोत्साहित करें कि वे सवालों को ऊपर दिए गए चार्ट के सहारे मन ही मन हल करें।


© NCERT not to be republished

## छूटी हुई संख्याओं का पता लगाओ

ये संख्या पैटर्न देखो और छूटी हुई संख्या का पता लगाओ।


क) 100, 200, 300, _____, _____, 600, _____

ख)





ग ) 50, 100, 150, 200, _____, _____, _____, _____

घ)




च)





छ) 280, 260, 240, _____, _____, _____, _____


ज) 125, 150, 175, 200, _____, 250, _____, _____


© NCERT not to be republished

## मन ही मन गणित


क)









ख)




ग )




घ)




© NCERT not to be republished

## अभ्यास का समय



1. इंदु की पेंसिल 15 सेंटीमीटर लंबी है। ज्योति की पेंसिल 8 सेंटीमीटर लंबी है।
   किसकी पेंसिल ज़्यादा लंबी है?
   कितनी ज़्यादा लंबी है?




2. अपने माता-पिता से पूछो –
   1 किलोग्राम नमक का दाम –
   1 किलोग्राम चीनी का दाम –
   इनमें से कौन ज़्यादा कीमती है? इसकी कीमत कितनी ज़्यादा है?

3. अजय को रोटी बनाने में 25 मिनट लगे और फिर दाल बनाने में 15 मिनट लगे। उसे दोनों चीज़ें बनाने में कुल मिलाकर कितना समय लगा?



4. चंचल स्कूल के लिए स्वेटर बेचती है। दो दिनों में उसने लाल, नीले और भूरे रंग के स्वेटर बेचे।

| | *लाल* | *नीला* | *भूरा* |
|---|---|---|---|
| पहले दिन बिके स्वेटर | 38 | 66 | 74 |
| दूसरे दिन बिके स्वेटर | 40 | 23 | 89 |

ऊपर देखो और नीचे दिए गए सवालों का जवाब दो।

क) चंचल ने 2 दिनों में कुल मिलाकर कितने भूरे स्वेटर बेचे?

ख) क्या उसने 2 दिनों में नीले स्वेटरों से ज़्यादा लाल स्वेटर बेचे हैं?

© NCERT not to be republished

ग) उसने पहले दिन कितने लाल और भूरे स्वेटर बेचे – 120 से ज़्यादा या 120 से कम? सही जवाब पर (✓) का निशान लगाओ।

120 से ज़्यादा ☐ 120 से कम ☐

घ) दूसरे दिन उसने कुल मिलाकर कितने स्वेटर बेचे – 140 से ज़्यादा या 140 से कम? सही जवाब पर (✓) का निशान लगाओ।

140 से ज़्यादा ☐ 140 से कम ☐

### *5. क्या संगीता सही है?*

संगीता अपने दादा के साथ बाज़ार गई।




उसने वहाँ रखे सामानों की कीमतें देखीं और अपने दादा से कहा –

क) घी बिस्कुट से 102 रुपए ज़्यादा महंगा है। ☐

ख) तेल और घी की कीमत मिलाकर 200 रुपए से ज़्यादा है। ☐

ग) घी के टीन और 10 किलो चावल की कीमत 300 रुपए से कम है। ☐

घ) तेल की कीमत बिस्कुट के पैकेट से 40 रुपए ज़्यादा है। ☐

क्या संगीता सही है? ऊपर दिए गए खानों में (✓) या (×) का निशान लगाओ।

क्या तुम बिना लिखे इसका पता लगा सकते हो?

© NCERT not to be republished



2021–22

## कहानी पर सवाल

निशा और सोनू सवाल बनाने का खेल खेल रहे थे। निशा ने कहा – एक कक्षा में 13 लड़के और 14 लड़कियाँ हैं। सोनू क्या तुम इस पर कोई सवाल बना सकते हो?

सोनू ने लिखा

| |
|---|
| कक्षा में 13 लड़के और 14 लड़कियाँ हैं। |
| तो कुल मिलाकर कितने छात्र हैं? |

तुम अपने दोस्तों के साथ मिलकर कहानी पर सवाल बना सकते हो। नीचे दिए गए चित्रों में कहानी छिपी है। हर चित्र के सामने लिखे शब्दों को पढ़ो और चित्र के नीचे अपने सवाल को लिखो।

क) 36 आदमी और 52 औरतें अपनी बारी का इंतज़ार कर रहे हैं।




ख) हमने दोपहर का खाना 20 मिनट में खाया और फिर 15 मिनट खेल खेला।





ग) पोस्ट आफ़िस शाहिद के घर से 1 किलोमीटर है और उसके स्कूल से 2 किलोमीटर है।




घ) बंटी ने 27 किताबें पढ़ीं और बबली ने 34 किताबें पढ़ीं।




© NCERT not to be republished

## घटाने के लिए गिनो!

डोलमा ने 4 दर्जन (48) केले खरीदे और अपने हर दोस्त को एक केला दिया। अब 13 केले बचे रह गए। कितने दोस्तों को केले मिले?

जैसा कि तुम जानते हो कि इसका पता 13 से आगे गिन कर लगाया जा सकता है। यह आसान होगा कि हम 10 की छलाँग लगाते हुए गिनें। तुम चाहो तो पेज 29 पर दिखाए किट्टू के घर का इस्तेमाल कर सकते हो।



48 – 13

10 10 10 5

13 23 33 43 48

10 + 10 + 10 + 5 = 35

इसलिए 48 – 13 = 35

क) 56 – 37 = ?

10 10

37 47 56 57

1

10 + 10 – 1 = ______

इसलिए 56 – 37 = ☐

ख) 60 – 45 = ?

5 10

45 50 60

5 + 10 = ______

इसलिए 60 – 45 = ☐




ग ) 80 – 59

1 10 10

59 60 70 80

______ + ______ + ______ = ☐

इसलिए 80 – 59 = ☐

घ) 85 – 63 = ☐

ङ) 84 – 69 = ☐

च) 60 – 20 = ☐

छ) 90 – 50 = ☐

© NCERT not to be republished


## राजा के घोड़े....

एक राजा था। वह केवल 9 तक गिन सकता था। तुम किस संख्या तक गिन सकते हो?

राजा को घोड़ों से बहुत प्यार था। लेकिन वह कभी भी उन सभी को नहीं गिन पाता था। वह उन्हें इस तरीके से रखता था कि उसे हर तरफ़ से केवल 9 तक गिनने की ज़रूरत हो।



© NCERT not to be republished




राजा के पास कुल मिलाकर कितने घोड़े थे? ________

एक दिन अपने चार घोड़ों के साथ एक यात्री वहाँ आया। रात बहुत हो गई थी इसलिए वह रात को वहाँ रुकना चाहता था। रखवाला घबराकर बोला – ना बाबा ना, राजा को पता चल गया तो बस हो गई छुट्टी। यात्री ने उससे कहा – तुम घबराओ नहीं राजा को कभी पता नहीं चल पाएगा। यात्री ने घोड़ों को इस तरह रखा –




अब यहाँ कितने घोड़े हैं? ________




रात को राजा वहाँ आया और उसने घोड़ों को गिना। चारों तरफ़ से उसने 9 ही गिने। उसने कहा – हाँ सब ठीक है और घोड़े गिनकर वह खुशी से सोने चला गया।

© NCERT not to be republished

सुबह उठते ही चालाक यात्री ने एक दूसरी तरकीब लगाई। उसने अपने चार घोड़े तो बाहर निकाल ही लिए साथ ही वह राजा के कुछ घोड़े भी लेकर भाग गया। वह राजा के घोड़ों को इस तरह से खड़ा कर गया –

मूर्ख राजा को यह पता नहीं लगा कि उसके कुछ घोड़े वहाँ हैं ही नहीं। क्या तुम राजा को बता सकते हो?




अब कितने घोड़े बचे हैं? ________

राजा के कितने घोड़े वहाँ से भगा दिए गए?

*(यह तमिल लोक कथा पर आधारित है। इसे* "Numeracy Counts!" *नामक पुस्तक से लिया गया है।)*



प हे ली

हम कौन सी संख्याएँ हैं?

अगर तुम हम दोनों को जोड़ देते हो तो 100 मिलेगा।

हम दोनों के बीच का अंतर भी 100 है।



© NCERT not to be republished